## पांढुर्णा में खुलेगा दो सौ बिस्तर का जिला चिकित्सालय

### स्वास्थ्य मंत्री ने दी 32 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति

**सौसर, देशबन्धु।** बीते वर्ष पांढुर्णा जिला अस्तित्व में आने के बाद में अब सरकार द्वारा प्रशासनिक गतिविधियॉ तेज करने के साथ-साथ अधिकारियों की पदस्थापना तथा भवनों की स्वीकृति देने के कार्य में गति प्रदान कर दी है। कलेक्टर भवन से लेकर अन्य विभागों के कार्यालयों के भवनों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा रही है।

इसी कड़ी में पांढुर्णा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सरकार द्वारा पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ के आग्रह पर जिला चिकित्सालय बनाये जाने हेतू 32.50 करोड़ रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। पूर्व मंत्री श्री मोहोड द्वारा बीते कुछ माह पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के समक्ष जिला चिकित्सालय के सौ बिस्तर से दो सौ बिस्तर में उन्ययन भवन की मांग रखी गई थी। जिसें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत तकनीकी स्वीकृति के साथ-साथ प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की है। जिसकी लागत 32 करोड़ 50 लाख रूपयें होगी।



पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने जिले की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने हेतु शासन प्रशासन से सम्पर्क बनाये रखते हुये मांग दृढ़ता से रखी।

जिसके परिणाम स्वरूप अब जिला चिकित्सालय का भव्य भवन निर्माण होगा। वही विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ एवं आवश्यक स्टॉफ की भी पूर्ति की जायेगी।

शासन के इस निर्णय से पांढुर्णा जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें सुलभ होगी तथा गंभीर उपचार हेतु अन्य जिलों की ओर रूख नही करना पड़ेगा।

पांढुर्णा में जिला चिकित्सालय भवन की स्वीकृति मिलने पर जनप्रतिनिधियों, नागरिको व सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद विवेक बंटी साहू एवं पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड का आभार व्यक्त किया है।


## भीमगढ़ बांध के विस्थापितों की फसल नष्ट होने पर क्षतिपूर्ति राशि दे सरकार

### फल्ली की फसल नष्ट होने से कर्ज में फंसा किसान

**छपारा, देशबन्धु।** भीमगढ़ बांध को बने हुए 35 साल हो गये मावजा 1975 में अधिकतम 15 सौ से दो हजार के बीच मिला जो न्यायालय गये उन को बरपाती हो गयी मगर लघु और सीमांत कृषक बर्बाद हो गया आधे लोग आज भी भूमिहीन है।

बांध में 44 गांव प्रभावित हैं। सरकार को आर्थिक सामाजिक पुनर्वास कानूनी रूप से रीहैबिटेन एक्ट में देना था जो नहीं दिया गया। पिछले दस सालों से पात्र विस्थापित भी डूब से खुलने वाली जमीन पर खेती से वंचित रखे जा रहे हैं।

उदाहरण में रघुवीर रजक ग्राम मोहली ने फसल बोयी। उस की फसल को विभाग के एसडीओ और पुलिस ने जप्त कर लिया। जब वह सीईओ के दफ्तर के सामने अनशन पर बैठा तब उसे 51 हजार नगद दे कर उठाया गया। मजेदार बात यह है कि यह पैसा अधिकारी की जेब से दिया गया। सरकार न्याय गरीब को देना चाहे तो रघुवीर रजक की जांच करा सकती है मगर जनता का कथन है जांच सरकार कराएगी हमें भरोसा नहीं है।



इस वर्ष यहां फल्ली की फसल लगी थी। लघु सीमांत और वे जिनका परिवार इस ही भूमि से पलते हैं और कर्जा ले कर बोते हैं। उनकी फसल डूब गयी। गरीब और कर्जदार हो गया। सरकार चाहे तो इन गरीबों को फसल क्षति दे सकती है। आम जन का कथन है जितना धन सरकार से फर्जी सर्पदंश से बांटा गया। इस फसल क्षति में उस का एक चौथाई भी नहीं लगेगा। जिन की फसल मिट गयी उस में अधिक नाम गरीबी रेखा में दर्ज हैं। भूमिहीन भी हैं।

सरकार इन को न्याय संगत सहयोग करें। यह क्षेत्र की जनता चाहती है मगर यह भी कहती हैं सरकार ने हम पर पहले ध्यान नहीं दिया तो अब वो क्या ध्यान देगी। नेता को हम से वोट चाहिए हमारे हितरक्षक हम उनको क्यूं माने।

## सार-समाचार

### बस हड़ताल से परेशान हुए यात्री

**रामाकोना, देशबन्धु ।** पाण्डुर्णा एवं छिंदवाड़ा जिले से चलने वाली बसों की हड़ताल गुरुवार को होने से यात्रियों के साथ साथ शासकीय स्कूलो के विद्यार्थी अधिक परेशान दिखाई दिये। शासकीय स्कूलो मे पढ़ने वाले ग्रामीण अंचलो के बच्चों को आने के लिए बसों का उपयोग करना पढता है. आज सौसर एवं रामाकोना मे पढ़ने जाने वाले शासकीय स्कूलों एवं कॉलेज मे पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को काफी परेशानी का सामना करना पढ़ा ।

आमला, खुटाम्बा, जोबनी, खापा, नवथल वाले बच्चों को रामाकोना एवं सौसर पढ़ने जाने के लिए बसों का ही सहारा लेना पढता है लेकिन आज बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए कोई निजी वाहन, ऑटो एवं कोई अपने घर वालो के साथ मोटर साईकिल का सहारा लेकर स्कूल एवं कॉलेज पहुचे ।

**आज सड़कों पर बाइक एवं ऑटो की रही ज्यादा दौड़ -** सौसर एवं रामाकोना की बात की जाए तो सड़को पर बस की हड़ताल होने के कारण यात्रियों एवं छात्रों को घंटो इंतजार करने के उपरांत ऑटो एवं बाईक सवार से लिप्ट लेकर काम चलाना पढ़ा ।जिसके कारण आज सड़क पर बाईक सवार एवं ऑटो के साथ साथ निजी वाहनों की संख्या 10 से 20 किलोमीटर सफर करने के लिए अधिक दिखाई दी ।

### रुद्र अभिषेक एवं भंडार आयोजित

**चौरई, देशबन्धु ।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में 10 जुलाई को नगर में अनेक धार्मिक स्थानों में पूजन एवम भंडारा का आयोजन किया गया इसी कड़ी में जोड़ा हनुमान मंदिर पुलिस थाना परिसर में स्थित में रुद्राभिषेक हवन पूजन कार्यक्रम और भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमे सभी धर्म प्रेमी बंधू से शामिल हुए ।



### छपारा में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक विंध्य पीठाधीश्वर का स्वागत

**छपारा, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश मिर्जापुर से छपारा पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक विंध्य पीठाधीश्वर मानस रतन पूज्य बाल योगी संजय महाराज का पूर्व सांसद विधायक नीता पटेरिया के निवास स्थान छपारा में भव्य स्वागत सत्कार किया गया ।9 जुलाई को 12ः00 बजे अल्प समय के लिए पहुंचे महाराज श्री से धर्म प्रेमी बंधुओ ने मुलाकात किया एंव महाराज श्री के प्रवचन सुना कार्यक्रम में नीता पटेरिया डॉक्टर हरी पटेरिया अर्जुन सिंह राघवेंद्र नारायण पाठक चक्रेश सिंह ठाकुर धर्मेंद्र सिंह सुनील दत्त पाठक राजेंद्र तिवारी डॉ पारस पटेरिया राजेश श्रीमाली सोहन कश्यप सुनील गोयल दीपक तंतुवाय रेखा जावरे श्रीमती संध्या सेन कार्यक्रम में उपस्थित रहे तत्पश्चात महाराज जी ने निर्धारित कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किया।



## गुरुओं से लिया आशीर्वाद, किया सम्मान

### भाजपा ने किया कार्यक्रम आयोजित



**सौसर, देशबन्धु।** आज भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के निर्देश पर पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विष्णु परतेती, जयंत गुरु, अरुण ठाकरे, रेखाताई रमेश कंटक, मिश्रिराज परिवाचक, शेषराव निवल, श्यामराव भगत, संतोष साहेब कबीरपंथी, वामन खराट, डा योगेश शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी नाना भाऊ मोहोड, नरेश गोयल, नरोत्तम पटेल गुरुओं सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मोरेश्वर मर्सकोले,नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंद्रचांद डागा, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, मीनाबाई मोहोड, निर्मलाबाई पवार, राजू जायसवाल, दिनेश भकने, परसराम राणे, सचिन फसाटे, रवि धुर्वे, मोजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर किया यज्ञ

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस महिला पतंजलि योग समिति के सदस्यो द्वारा गुरुपूर्णिमा पर्व गोटेगांव में यज्ञ एवं भारत माता तथा गुरु पूजन कर मनाई गई। कार्यक्रम महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी पुष्पांजलि शर्मा दीदी की अनुसंसा एवं जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के निर्देश अनुसार मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सीमा गुप्ता ने किया।

तहसील प्रभारी दुर्गा आर्य ने कहा हमारे जीवन मे गुरु की विशेष महत्ता होती है जब बच्चा छोटा होता है तब प्रथम गुरु उसकी माँ होती है। जब थोड़ा बडा होता है तो पिता गुरु होता है। जब बच्चा शिक्षा प्राप्त करने जाता है तो उसको शिक्षा देने वाले गुरु आचार्य होते है।

हरिद्वार मै गुरुकुल के माध्यम से बाबा रामदेव भी बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी दे रहे हैं। योग शिक्षक सीमा गुप्ता ने भी अपने विचार रखे । उपस्थित मात्रशक्ति योग शिक्षक सीमा मिश्रा, द्रोपति लिल्हारे स्नेहलता श्रीवास्तव,सरिता पटेल, सगठन मत्री प्रभा विश्वकर्मा अनुराधा आर्य, आदि उपस्थित रहीं। सीमा मिश्रा ने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।



## सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 6 जुलाई 2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का ओर संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम अधिसूचना 18 जनवरी 2022 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण भाग 77,खंड 3, उप - खंड (1) मे तरीख 18 जनवरी 2022 को प्रकाशित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्येंद्र शालवार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र के फल, सब्जी, किराना, चाय, होटल, मिष्ठान भंडार आदि दुकान पर चालानी कार्रवाई मे 2200रूपये की वसूली की गई।

यह कार्यवाही नगर पालिका टीम के द्वारा की गई नगर पालिका टीम में सुनील भनारे विकास राजपूत रमेश रावत धनीराम पटेल कमलकांत सिलवाट संजय चांदोलिया गुलाब चंद्र बिषैले नवीन कटारिया मयूर दुबे हरिओम राय दीपक श्रीवास्तव अर्पित पटेल समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदिरों में उमड़े भक्त, किया पूजन



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्ति जैन उमड़ पड़े।

इसी कड़ी में नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर में पहुंचकर नगर के पार्षद मंडल मंत्री प्रमोद बंदेवार ने यहां के पंडित अनिल परसाई के चरण पखार कर उनका पूजन अर्चन कर सम्मान किया। नगर के अन्य मंदिरों में भी आज गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया।

इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी, सतीश सूर्यवंशी, नरेश सेन, अखिलेश अमरवंशी, राजेश नागवंशी उपस्थित रहें।

## समसवाड़ा में किया पौधरोपण

**चौरई , देशबन्धु ।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष मे समसवाड़ा के वन परिक्षेत्र मे एक पेड़ माँ के नाम वृक्षा रोपण किया गया/चौरई परिक्षेत्र मे 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे ग्राम समसवाड़ा के मोहगांव रोड पर वन परिक्षेत्र में कई प्रकार के पौधों का वृक्षारोपण किया गया जिसमें पीपल नीम बरगद एवं अनेक प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए।



इस अवसर पर जनपद सदस्य अरविंद दहिया एवं अशोक शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही अन्य सदस्य खैरी से फारूक भाई, जय सिंह बैरागी एवं बसंत पटेल अल्ताफ भाई दीपक निर्मलकर आकाश नायक परशुराम ठाकुर एवं गांव से ही प्रकाश दुबे और वन विभाग के अधिकारी वन रक्षक जैन और यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनपद सदस्य ने कहा है कि प्रत्येक ब्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए, पेड़ से ही सुंदरता और हमारी सुरक्षा है।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 11 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। श्रावण कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र-पू.षा.।**

मेष - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें।

वृषभ - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। क-699-335

कर्क - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

तुला - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा।

वृश्चिक - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

धनु - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें।

कुंभ - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा।

मीन - आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। मॉ-589-236

1,6,4,9

## निःशुल्क कोचिंग का समापन समारोह

**सौसर, देशबन्धु।** विधाता चैरिटेबल फाउंडेशन एवं सिविल सर्विसेज एकेडमी सौसर द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस 60 दिवसीय निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई गई समापन के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार रोशन सूर्यवंशी,द्वितीय पुरस्कार नितेश टाकलखेड़े,तृतीय पुरस्कार कामिनी खंडाईत ने प्राप्त किया तथा टॉप 10 में रितेश टाकलखेड़े, अंबिका डांगरे,मिनल साखरे, लक्ष्मीकांत बागड़े, गौरव कौसरे, अदिति बक्सरे, साक्षी सिसोदिया, रूपेश रंगारे, किरण माथनकर, अवंतिका सिंगपुरे ने स्थान प्राप्त किया। उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सौसर विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने कहा की जिसका लक्ष्य निर्धारित होता है ईश्वर भी उसकी सहायता करते है। प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए जिद्दी बनना जरूरी है। अध्ययन को टाले नहीं बल्कि निर्धारित समय पर कार्य के प्रति जागरूकता से उसे समय पर पूर्ण करे। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियो को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

संस्था के अध्यक्ष अमोल रंगारे ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सिविल सर्विसेज एकेडमी के संचालक अजय चौरगड़े, गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य श्रुति बोढखे, प्रेमराज लांडे, ज्योति देशभरतार, प्रिया नगराले,अक्षय बंसोड,सौरभ उईके,पायल गोले, प्रणाली ठवरे आदि उपस्थित रहे।



## निधि दुबे सिवनी वार्ड 11 की पार्षद निर्वाचित

**सिवनी, देशबन्धु।** गुरूवार 10 जुलाई को सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पद निर्वाचन की मतगणना जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। ईव्वीएम के माध्यम से हुई मतगणना में अभ्यर्थी निधि दुबे 527 मतों से विजय घोषित हुई। निधि दुबे को 817 मत तथा अभ्यर्थी आरती शाह को 290 मत प्राप्त हुए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संस्कृति जैन ने विजय अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर प्रेक्षक पी के वर्मा, अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

उधर, सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद निधि दुबे को बधाई एवं शुभकामनाएंदीं। आज सिवनी नगर पालिका अंतर्गत आने वाले सुभाष वार्ड क्रमांक 11 उपचुनाव मे विजयी भाजपा प्रत्याशी निधि मोंटू दुबे को अपने कार्यालय मे विधायक दिनेश राय ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

इस अवसर पर संतोष अग्रवाल वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष, आनंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक दुबे नगर मंडल अध्यक्ष, रामजी चंद्रवंशी अध्यक्ष ग्रामीण मंडल करकोटी, राजू यादव पार्षद, श्याम मिलन पांडे, मोंटू दुबे, गोपाल पवमें, अहफाज खान, आशीष सोनी, चंदू बघेल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं की

### निकाली रैली, शामिल हुए विधायक



उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक विधायक ने सुभाष वार्ड मे भाजपा द्वारा निकाली गयी विजय रैली में पार्टीजनों के साथ सहभागिता किया। इसके पूर्व आपने सुभाष चौक पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।